सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, 07 नवम्बर, 2023

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को राजकीय स्कार्फ तथा फ्लैग स्टीकर पहनाया। इस दौरान भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को अपनी भावी योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। गौरतलब है कि भारत वर्ष को आजादी के पश्चात केंद्रीय मंत्रीमंडल की पहल पर 07 नवम्बर, 1950 को बालक–बालिकाओं के स्काउट/गाइड एवं विभिन्न समितियों को समाप्त करते हुए भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना एक संगठन के रूप में की गई जिसे प्रतिवर्ष 07 नवम्बर को पूरा भारत फ्लैग डे अर्थात भारत स्काउट्स एवं गाइड्स स्थापना दिवस के रूप में मनाता है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रतिनिधिमण्डल में राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु चयनित रोवर एवं गाइड्स से उनके प्रशिक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी ली, और उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस वर्ष पंजीकृत सदस्यों की संख्या एक लाख से अधिक होनी चाहिए और सभी विश्वविद्यालयों में पंजीकरण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने स्काउट्स एवं गाइड्स के योगदान के लिए उनकी सराहना की।

इस प्रतिनिधिमण्डल में इस वर्ष उत्तराखण्ड से राष्ट्रपति पुरस्कार हेतु चयनित रोवर श्री विशाल आर्य, गाइड्स कु0 हिमानी गर्जोला, कु0 दीक्षा बिष्ट, कु0 कंचन भट्ट के साथ प्रादेशिक मुख्यालय, भारत स्काउड्स एवं गाइड्स उत्तराखण्ड से सविच श्री रवीन्द्र मोहन काला, सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्री बी0एस0रावत एवं कु0 बिमला पन्त सम्मिलित रहे।

............0...........